Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date -  Class - VI
Subject - Hindi Language  Page- 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

पुस्तक - आमोद भाग-6

## क्रिया एवं क्रिया के भेद

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'क्रिया एवं क्रिया के भेद' कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 8 अगस्त, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो! आज हम इस पाठ में 'क्रिया एवं क्रिया के भेद' पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के दौरान कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो! अब मैं आपको 'क्रिया एवं क्रिया के भेद' समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं, तो मैं आपको 'क्रिया एवं क्रिया के भेद' समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

बच्चो! नीचे दिए गए चित्रों को ध्यान से देखें एवं समझें।



मीरा सो रही है।



मोहन दूध पी रहा है।

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date-  Class - VI
Subject- Hindi Language  Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani



बच्चे खेल रहे हैं।



दादा जी गाड़ी चला रहे हैं।

बच्चो ! इन चित्रों में 'सो', 'पी', 'खेल', 'चला' शब्दों से काम के होने का पता चल रहा है। इन काम बताने वाले शब्दों को क्रिया कहते हैं - अर्थात्
किसी काम का होना या करना क्रिया कहलाता है।

- क्रिया अधिकतर वाक्य के अंत में होती है।
- क्रिया के बिना वाक्य अधूरे हैं।
- क्रिया का रूप, लिंग तथा वचन के अनुसार बदलता है ; जैसे -

1) लड़का दौड़ता है। 2) लड़की दौड़ती है।

बच्चो ! क्रिया के दो भेद होते हैं -

* अकर्मक क्रिया
* सकर्मक क्रिया

⇒ **अकर्मक क्रिया :-**

- मोहन हँसता है।
- कविता सुबह - सुबह दौड़ रही है।

Scanned with CamScanner

Date -                                   Class - VI
Subject - Hindi Language                    Page - 3
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

ऊपर दिए गए वाक्यों में आए शब्दों की क्रियाओं में 'हँसता है' तथा 'दौड़ रही है' क्रियाओं का कोई कर्म नहीं है। अत: ये 'अकर्मक क्रियाएँ' हैं।

इस प्रकार -
जिन क्रियाओं के साथ कर्म नहीं होता, उन्हें अकर्मक क्रिया कहते हैं।

2. सकर्मक क्रिया
- श्याम पुस्तक पढ़ रहा है।
- राधा गीत सुना रही है।

बच्चो ! ऊपर दिए गए वाक्यों में 'पढ़ रहा है' तथा 'सुना रही है' क्रियाओं को पूरा अर्थ देने के लिए पुस्तक तथा गीत शब्दों (कर्म) की आवश्यकता पड़ रही है। अत: ये सकर्मक क्रियाएँ हैं।

इस प्रकार -
जिन क्रियाओं के साथ कर्म लगा होता है, वे सकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं।

बच्चो ! मैंने आपको क्रिया तथा उसके भेदों के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लें और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखें।

प्रश्न - 1. क्रिया किसे कहते हैं ?
प्रश्न - 2. क्रिया के कितने भेद होते हैं ?
प्रश्न - 3. सकर्मक क्रिया की एक उदाहरण लिखें।

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date-                                  Class - VI
Subject- Hindi Language        Page 4
Subject Teacher- Ms Roma Rani

उत्तर-1. जिन शब्दों से किसी कार्य के करने या होने का बोध हो, उन्हें क्रिया कहते हैं।

उत्तर-2. क्रिया के दो भेद होते हैं।

- अकर्मक क्रिया
- सकर्मक क्रिया

उत्तर-3. जिन क्रियाओं के साथ कर्म लगा होता है, वे सकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं।

बच्चो! मैंने आपको क्रिया एवं उसके भेदों के बारे में समझा दिया है। आशा है यह आपको अच्छे से समझ आ गए होंगे। अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी, जिसे आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

गृह कार्य :-

(क) निम्नलिखित वाक्यों में से उचित क्रिया शब्द छाँटकर उसके भेद का नाम लिखें।

1. आशिमा हँस रही है।
2. अनुज पुस्तक पढ़ रहा है।
3. अध्यापिका छात्रों को पढ़ाती है।
4. राघव लिखता है।
5. सीमा तसवीर देखती है।

(ख) क्रिया की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

(ग) क्रिया के कितने भेद होते हैं? उनकी परिभाषा भी लिखें।

धन्यवाद!

Last page.

Scanned with CamScanner